हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, गुरुवार, 28 दिसंबर, 2023



## खबर संक्षेप

### गंडई में सट्टा-पट्टी के साथ युवक पकड़ाया

**गंडई।** शराब, जुआ, सट्टा के खिलाफ चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने सट्टा खिलाने के मामले में आरोपी को पकड़कर कार्रवाई की है।

पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेहा पांडेय के मार्गदर्शन एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस प्रशांत खांडे के निर्देशन एवं थाना प्रभारी गंडई निरीक्षक शिवशंकर गेंदले के नेतृत्व में थाना गंडई में अवैध शराब एवं जुआ-सट्टा के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत 26 दिसंबर को थाना गंडई पुलिस द्वारा अवैध सट्टा-पट्टी लिखने वाले के विरूद्ध कार्रवाई कर आरोपी काजूराम राठौर पिता स्व. बिसुन राठौर 53 साल साकिन वार्ड 9 महामाईपारा गंडई को घेराबंदी कर रेड कार्रवाई कर पकड़ा। आरोपी के कब्जे से 2 नग सट्टा-पट्टी, एक नग डाट पेन, नगदी रकम 680 रुपए जब्त कर कार्रवाई की है।

### वाहनों की जांच, किया जा रहा जागरूक



**राजनांदगांव।** पुलिस द्वारा शहर एवं ग्रामीण इलाकों में एमसीपी लगाकर लगातार वाहनों की जांच की जा रही है। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ चालानी कार्रवाई कर समझाईश भी दी जा रही है। यातायात नियमों का पालन करने लोगों को जागरूक किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में जिले के सभी थाना व चौकी प्रभारियों को निर्देश दिया गया है कि अपने-अपने थाना क्षेत्रों में एमसीपी लगाकर वाहनों की चेकिंग करें, जिस पर जिले के समस्त थाना, चौकी एवं यातायात पुलिस द्वारा 23 दिसंबर को एमसीपी लगाकर आने-जाने वाले वाहनों की चेकिंग किया गया। यातायात नियमों उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध एमव्ही एक्ट के तहत कार्रवाई कर यातायात नियमों के संबंध में लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है।

### बासुला में 29 को मंड़ई

**राजनांदगांव।** ग्राम बासुला में आगामी 29 दिसंबर को गुरु घासीदास जयंती एवं मंड़ई मेला का आयोजन रखा गया है। समाज प्रमुख मनहरण कोसरे ने बताया कि रात्रि में मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रेम के बंधना चैनगंज गुंडरदेही जिला बालोद वाले का रखा गया है। सतनामी समाज के लोगों ने आसपास के क्षेत्रवासियों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम का लाभ लेने का आग्रह किया गया है। यह जानकारी सुकालूराम मांडले ने दी है।

### सांगिनकछार मंडई 31 को

**डोंगरगांव।** सांगिनकछार में आगामी 31 दिसंबर को मंडई मेला रखा गया है। रात्रि में चोर करण दानी छत्तीसगढ़ नाच तिलाईरवार का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी जितेन्द्र सिन्हा एवं खेमु वर्मा ने दी।

### मॉय एंगल




# चरित्र पर संदेह : पत्नी को मारकर पति ने जहर खाकर की आत्महत्या

## 18 दिसंबर को दोनों के बीच हुआ था विवाद, पत्नी का शव पैरा के नीचे छिपा दिया था

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

तुलसीपुर गांव के खेत में पैरा से ढंका हुआ पत्नी की लाश एवं कुछ ही दूरी पर पति की लाश मिली है। पुलिस को आशंका है कि चरित्र पर शंका करते पति ने पत्नी की हत्या कर दी, इसके बाद वह स्वयं आत्मग्लानी में कीटनाशक पीकर आत्महत्या कर लिया होगा। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार ठेलकाडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत 26 दिसंबर को थाना ठेलकाडीह जिला खैरागढ़ पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम तुलसीपुर में राजू जांगड़े के खेत में एक अज्ञात व्यक्ति मृत अवस्था में पड़ा है, जहां जाकर जांच पड़ताल करने पर ज्ञात हुआ कि मृतक दिलीप खरे पिता महासिंह खरे 45 साल निवासी ग्राम छछानपैरी का निवासी है, जो अपने परिवार के साथ ग्राम पोटिया थाना पुलगांव जिला दुर्ग में निवास करता था, जहां 18 दिसंबर को उसकी पत्नी कुमारीबाई खरे के साथ वाद-विवाद होने पर इसकी पत्नी कुमारीबाई खरे अपनी बहन ललिता भारती के यहां ग्राम भरदागोड थाना छुईखदान चली गई थी।

### पति-पत्नी का मिला शव

यहां से दिलीप खरे जाकर अपनी पत्नी को मनाकर ग्राम पोटिया जिला दुर्ग जाने के लिए दोनों एक साथ 21 दिसंबर को निकले थे, जो घर नहीं पहुंचे थे। परिवार वाले आसपास में पता तलाश कर रहे थे, इनका कोई अता-पता नहीं चला। कल 26 दिसंबर को ग्राम तुलसीपुर में राजू जांगड़े के खेत में मृतिका कुमारीबाई खरे उम्र 42 साल व मृतक दिलीप खरे 45 साल का शव मिला है।



### पुलिस मामले की जांच में जुटी

पुलिस सूत्रों के अनुसार पति अपने पत्नी के चरित्र पर शंका करता था। जिसके चलते दोनों में विवाद हुआ था। जिससे उसकी पत्नी कुमारीबाई खरे अपनी बहन के यहां भरदागोड चली गई थी। इस बात की जानकारी होने पर पति दिलीप खरे वहां जाकर समझा-बुझाकर वापस ग्राम पोटिया जाने निकले थे। आशंका जताई जा रही है कि इस बीच दोनों में विवाद हुआ होगा और पति ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी होगी। इस घटना के बाद पति भी आत्मग्लानीवश विषैला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर लिया होगा। फिलहाल पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच में जुट गई है।

# दो दिनों से खरीदी ठप, उठाव तेज करने संग्रहण केंद्र में भेजेंगे धान

## केंद्रों से बैरंग लौटे किसान, टोकन निरस्त होने से पनपा आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नवगठित मोहला-मानपुर-अं. चौकी जिले में धान के परिवहन की लचर व्यवस्था का खामियाजा सैकड़ों किसानों को उठाना पड़ रहा है। धान रखने के लिए जगह नहीं होने के कारण करीब ढाई दर्जन केंद्रों में बुधवार से खरीदी पर ब्रेक लग गया है। बुधवार को अपनी उपज लेकर खरीदी केंद्रों में पहुंचे किसानों को वापस लौटाया गया। टोकन निरस्त होने से किसानों में आक्रोश की स्थिति भी निर्मित हो रही है। प्रशासन द्वारा धान खरीदी को लेकर पर्याप्त व्यवस्था किए जाने का दावा किया गया था, लेकिन दो माह के भीतर ही इन दावों की पोल खुलते दिखाई दे रही है। नवगठित एमएससी जिले में धान का परिवहन बेहद धीमा होने के कारण अब खरीदी बंद कर दी गई है। परिवहन को लेकर खाद्य विभाग और मार्कफेड के अफसरों द्वारा रूचि नहीं दिखाए जाने के कारण ऐसे हालात निर्मित हुए हैं।

### प्रशासन कर रहा प्रयास, मिलर्स को भी उठाव तेज करने निर्देश

जिला प्रशासन भी उठाव को तेज करने के लिए प्रयास कर रहा है। कलेक्टर एस जयवर्धन ने बताया कि संग्रहण केंद्रों में धान बेचने की अनुमति मिल गई है, वहां धान उठाव करवा कर भेजा जाएगा। इसके साथ ही अन्य जिलो के मिलर से भी उठाव करने के लिए पत्राचार किया गया है। जल्द ही इस स्थिती में सुधार होने की बातें प्रशासन कर रहा है।



### रतजगा कर रहे किसान

धान लेकर सोसाइटी पहुंचे किसानों का धान जब नहीं खरीदा गया तो वे वहीं रतजगा कर खरीदी के शुरू होने का इंतजार भी कर रहे हैं। किसानों का कहना है कि गांव से खरीदी केंद्र तक उपज को लाने में भाड़ा लग गया, अब वे फिर इसे वापस ले जाएंगे तो और राशि खर्च हो जाएगी। यही कारण है कि वे केंद्र के बाहर ही खरीदी के फिर शुरू होने का इंतजार कर रहे हैं।

### इन केंद्रों में खरीदी बंद

एमएमसी जिले के विचारपुर, मटेवा, भोजटोला, रेंगाकठेरा, औंधी, सोमाटोला, पुतरगोदीकला, भर्रीटोल, मानपुर, खरदी, मुरारगोटा, औंधी, सरखेड़ा, खरदी, सोमटोला, गोटाटोला, चौकी, छछनापहरी, मोहला, सीतागांव, मोहला, एकटकन्हार, कौड़ीकसा, चिल्हाटी, मोहभट्टा तथा आतरगांव में बफर लिमिट से ज्यादा की खरीदी होने के कारण यहां बुधवार को खरीदी नहीं हो सकी।

**किसानों को वापस लौटना पड़ा:** आंकड़ों की माने करीब दर्जनभर केंद्र ऐसे हैं, जहां दस फीसदी भी उठाव नहीं हुआ है। नए जिले में सत्तर फीसदी धान जाम है। खरीदी केंद्र में पर्याप्त जगह नहीं होने के कारण समिति प्रबंधकों ने बुधवार से खरीदी बंद करने का ऐलान कर दिया। बुधवार को धान बेचने खरीदी केंद्र पहुंचे किसानों को वापस लौटाया गया। बताया जाता है कि जिन किसानों को आज का टोकन दिया गया था, उनका टोकन भी निरस्त हो गया है। परिवहन के पटरी पर आने के बाद अब उन्हें नया टोकन जारी किया जाएगा। जिसके कारण किसानों में अच्छा खासा आक्रोश भी दिखाई दिया।

# युवती से छेड़छाड़ व गाली गलौज, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

- चिखली चौकी क्षेत्र का मामला

पीड़िता को गाली-गलौज करने एवं जान से मारने की धमकी देते छेड़छाड़ किए जाने के मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार चिखली चौकी क्षेत्र अंतर्गत आरोपी आरिफ खान निवासी मोतीपुर द्वारा आए दिन पीड़िता को मां-बहन की गाली-गलौज कर जान से मारने धमकी देकर पीड़िता के साथ छेड़छाड़ करता है। पीड़िता की रिपोर्ट पर धारा 294, 354, 354 (डी), 506 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

मामला गंभीर होने से पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल के मार्गदर्शन में टीम गठित कर आरोपी की पतासाजी किया जा रहा था। इस दौरान पुलिस ने मुखबीर सूचना पर दबिश देकर घेराबंदी कर आरोपी आरिफ खान पिता रज्जाक खान 28 साल निवासी मोतीपुर रामनगर कब्रिस्तान गली पुलिस चौकी चिखली को पकड़कर कार्रवाई की है।

उपरोक्त कार्रवाई में उनि नरेश कुमार बंजारे, प्र.आर. सतोष मिश्रा, म.प्र.आर. बंदना पटले. आर. राजकुमार बंजारा, आर. देवेन्द्र, म. आर. एवं चौकी चिखली स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका एवं सराहनीय योगदान रहा है।

# रात में सजी थी जुआ फड़, पुलिस ने दबिश देकर चार को पकड़ा

- पुलिस की कार्रवाई से जुआरियों में मची हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आधी रात पेट्रोल पंप के पीछे खेत में जुआरी एकत्र होकर रुपए-पैसे का हार-जीत का खेल जुआ खेल रहे थे। जिसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर दबिश दी।

इस दौरान चार आरोपी पकड़े गए एवं अन्य जुआ खेल रहे लोग अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग खड़े हुए। पुलिस की इस कार्रवाई से जुआरियों में हड़कंप मचा हुआ है।

पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग द्वारा जुआ, सट्टा व अवैध गतिविधि पर अंकुश लगाने संबंधी दिशा-निर्देश दिए गए हैं। जिसके परिपालन में थाना बसंतपुर पुलिस द्वारा 27 दिसंबर को रात्रि 1 बजे खंडेलवाल पेट्रोल पंप के पीछे सिंगदई में 52 पत्ती तास से हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेलने की मुखबीर से सूचना मिलने पर बसंतपुर पुलिस द्वारा सिंगदई खार जाकर जुआ रेड कार्रवाई किया गया।



### 18240 रुपए, ताश पत्ती जब्त

पुलिस के अनुसार मौके पर पुलिस की दबिश से पुलिस को देखकर रात के अंधेरे का फायदा उठाते कई जुआरी भाग खड़े हुए। पुलिस की दबिश से जुआरियों में हड़कंप मच गया था। पुलिस ने मौके पर चार आरोपी अविनाश उर्फ मोनू गुप्ता निवासी कुआ चौक, श्यामू सोनकर निवासी सागरपारा, सूरज जांगड़े निवासी कुआ चौक व संतोष चंदेल निवासी कुआ चौक के पास एवं फड़ से कुल 18240 रुपए तथा 52 पत्ती ताश जब्त कर जुआ एक्ट अंतर्गत कार्रवाई किया गया।

# चौकी में शिवपुराण कथा आज से

**राजनांदगांव।** मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के अं. चौकी नगर में कल 28 दिसंबर से आगामी 2 जनवरी तक श्रीमद् शिवमहापुराण कथा का आयोजन मां दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण अं. चौकी में होगा। कथा दोपहर एक बजे से शुरू होगी। वहीं 2 जनवरी को भंडारा का आयोजन होगा। श्री कृष्ण चैतन्य भक्ति संस्थान डोंगरगांव के पं. विनोद बिहारी गोस्वामी कथावाचक के रूप में शामिल होंगे। अनिल मानिकपुरी, आयोजन समिति एवं सृजन निकेतन ने जिले समेत नगर के श्रद्धालुओं से श्रीमद् शिवपुराण कथा का रसपान करने की अपील की।



















## खबर संक्षेप

### बोदेला मंडई 2 को

**तुमडीबोड़।** आगामी 2 जनवरी को समीपस्थ ग्राम बोदेला में मंडई का आयोजन किया गया है। रात्रि में झन भूलो मां-बाप ला धमतरी वालों का सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया है। इस आशय की जानकारी देते हुए ग्राम प्रमुख हिरामन साहू एवं दुष्यंत वर्मा ने क्षेत्र के आम जनों से उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### सांसद ने ली प्रस्तावित हॉस्पिटल की जानकारी



**डोंगरगढ़।** सांसद संतोष पांडे ने अपने प्रवास के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मुलाकात किया। उन्होंने मां बम्लेश्वरी देवी की पूजा अर्चना करने के बाद ट्रस्ट द्वारा प्रस्तावित 100 बिस्तर हाईटेक मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल की कार्ययोजना का निरीक्षण किया। सिक्ख समुदाय के बलिदान दिवस कार्यक्रम में सांसद श्री पांडे, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर शामिल हुए। श्री पांडे श्री सिनेमा के संचालक अनिल गट्टानी के घर पहुंचकर पूजा में सम्मिलित होने के बाद नीचे मंदिर गए। उन्होंने ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल के साथ मां बम्लेश्वरी धर्मार्थ चिकित्सालय 100 बिस्तर वाले सर्वसुविधा युक्त अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, बबलू शांडिल्य, संजीव गोमास्ता, परविंदर सिंग मोंटी, विनित यादव, पंकज अग्रवाल, अयश खांडेकर, मयंक डोंगरे आदि उपस्थित थे।

### टेंडर खुला नहीं और कर दिया भूमिपूजन



**डोंगरगढ़।** शहीद द्वार से चौथना खार सड़क निर्माण होने का झूठा आश्वासन देकर अब तक लोगों को भ्रम में रखा गया है। शहर के मुख्य मार्गो का डामरीकरण हो गया है मगर शहीद द्वार से चौथना खार तक की सड़क जस के तस है। वार्डवासियों के लगातार आंदोलन के बाद कार्य की स्वीकृति प्राप्त हुई है किन्तु कमीशन के चक्कर में डामरीकरण कार्य अब तक रुका हुआ है। जनता को 4 सालो से झूठा आश्वासन दिया जा रहा है।

### किसानों को बांटा गया 2 साल का बोनस प्रमाण पत्र



**डोंगरगढ़।** भाजपा ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जन्म जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया। इस दौरान 2 साल के बकाया बोनस का वितरण किया गया। सरपंच राजेंद्र जंघेल ने पंच एवं ग्रामवासियों के साथ स्वच्छता की शपथ ली। ढारा के धान खरीदी केंद्र में बोनस त्यौहार मनाते हुए बोनस प्रमाण पत्र बांटा गया। इस अवसर पर शिवपुरी सरपंच राजकुमार द्विवेदी, मनीष सोनी, रवि यादव, लखन जंघेल, संतोष वर्मा राजकुमार सेन, प्रभात वर्मा, अनिल सिन्हा सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

### साहिबजादों की शहादत को किया नमन



**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय में सिक्ख गुरू गोविंद सिंह के साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की शहादत को वीर बाल दिवस के रूप में मनाया गया। उन्हे याद करते हुए कालेज के आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ ने रासेयो एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर के साथ संगोष्ठी आयोजित किया। मुख्य अतिथि पार्षद राकेश अग्रवाल थे। कार्यक्रम का शुभारंभ गुरू गोविंद सिंह के साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। मुख्य अतिथि श्री अग्रवाल ने वीर बाल दिवस का महत्व बताया। प्राचार्य डॉ. ईव्ही रेवती ने इतिहास की जानकारी दी। कार्यक्रम में विक्की रामटेक, मयूरी, पुष्पेन्द्र, पूरन यादव, कीर्ति आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। संचालन आरआर कोचे ने किया। कार्यक्रम में नितिन शांडिल्य, केजी सोनकर, संदीप गजभिये, सुशील सोनवानी, चित्रा खोब्रागढे.सहित अन्य शामिल हुए।

### कथा का रसपान करने उमड़ रहे श्रद्धालु



**सड़क अतरिया।** ग्राम मुरई में श्रीमद भागवत कथा वाचक प्राची देवी के मुखारबिंद से कथा का वाचन किया जा रहा है जिसका श्रवण करने लोगों की भीड़ उमड़ रही है। बुधवार को कृष्ण जन्म एवं बाल लीला कथा का वाचन किया गया। कृष्ण के बाल हठ एवं मां के दुलार की कथा से दर्शक भाव विभोर हुए। लोग संगीत की धुन पर थिरकते नजर आए। प्राची देवी ने बताया कि कथा का रसपान करना जीवन का सार है। जहां कथा का आयोजन होता है वहां भगवान स्वयं विराजमान होते है।

### नक्सल प्रभावितों ने सौंपा ज्ञापन

**डोंगरगढ़।** नक्सल पीड़ित परिवार संघ ने नक्सल पुनर्वास नीति का लाभ दिलाने कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। संघ के अध्यक्ष रामलाल एवं सचिव रामसिंह कुंजाम ने बताया कि कई नक्सल हिंसा से प्रभावित परिवार हैं। कई परिवारों ने नक्सली धमकी के बाद ग्राम, खेती बाड़ी जमीन छोड़ दिया है। इन परिवारों के लिए केंद्र एवं राज्य शासन ने पुनर्वास नीति बनाया है जिसके तहत नौकरी, आवास, आर्थिक सहायता, बस पास, राशन कॉर्ड, छात्रवृति, दुकान एवं ऋण देने का प्रावधान है. लेकिन पीड़ित परिवारों को लाभ नहीं मिल रहा है। योजना के लाभ के लिए पूर्व में कई बार ज्ञापन सौंपा गया किन्तु कोई लाभ नहीं मिला है। उन्होंने योजना का लाभ नहीं मिलने पर आगामी 30 जनवरी को मुख्यमंत्री निवास के सामने धरना देने का निर्णय लिया है।

## किसानों में खुशी, भीड़ से हो रही परेशानी

# धान के बोनस राशि के लिए उमड़ रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंडई पंडरिया

भाजपा सरकार द्वारा धान का बकाया बोनस राशि किसानों को दिया जा रहा है। वहीं वर्तमान में जिन किसानों ने धान को समितियों में बेचा है उन्हे एसकी राशि दी जा रही है। राशि के लिए जिला सहकारी केंद्रीय बैंक में जन सैलाब उमड़ रहा है। बैंक में किसानों की खचाखच भीड़ लगने से काफी परेशानी हो रही है वहीं बैंक कर्मी भीड़ को नियंत्रित करने असमर्थ साबित हो रहे है। परेशानी से बचने के लिए कुछ किसानों के बैंक के अंदर जाने के बाद दरवाजों को बंद कर दिया जा रहा है किन्तु दरवाजा खुलते ही भीड़ फिर उमड़ पड़ती है। धक्का मुक्की और जल्दी अंदर जाने की होड़ में किसान पैनिक भी हो रहे हैं।



**45 हजार किसान खाताधारक**

जानकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा गंडई में लगभग 45 हजार खाता है जिसमे अधिकतर किसानों का खाता है। किसानों को बोनस राशि एवं धान की रकम के लेनेदेन के लिए बैंक को 4 आई मिला है जो बड़े बाबू, कैशियर, प्रबंधक, सुपरवाइजर के पास है। इससे एक करोड़ रूपए बोनस एवं धान की राशि का भुगतान करना है।

**किसान सहयोग करें**

बैंक प्रबंधक दीपक कुमार डिंन्डे ने बताया कि 4 आईडी से किसानों से लेनदेन किया जा रहा है। किसानों के लिए यह व्यवस्था बनाया गया है। किसान हड़बड़ी करने के बजाए व्यवस्था के हिसाब से सहयोग करें।



### किसानों ने जताया सरकार का आभार

**डोंगरगढ़।** किसानों के खाते में 2 साल का बकाया बोनस की राशि जमा होने के बाद जिला सहकारी बैंक में किसानो की भीड़ देखने मिल रही है। विधानसभा चुनाव में की गई घोषणा के अनुसार गत 25 दिसंबर को किसानों के खाते में बोनस राशि जमा कर दिया गया है। राशि आहरण के दौरान पहुंचे पूर्व विधायक विनोद खांडेकर के माध्यम से किसानों ने प्रदेश सरकार के मुखिया का आभार व्यक्त किया। उन्होंने जिला सहकारी बैंक की दोनों शाखाओं में जाकर भुगतान व्यवस्था का जायजा लिया। इस अवसर पर लक्ष्मी नाारायण अग्रवाल, संतुराव अन्ना, तुलसी मिश्रा, अयश खांडेकर, महेन्द्र डोंगरे आदि उपस्थित थे।

# भारत संकल्प यात्रा पहुंची दीवानभेड़ी



- कार्यक्रम में ग्रामीणों ने रखे अपने अनुभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगांव

ग्राम दीवानभेड़ी में गत दिनों विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ पहुंचा। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी शामिल हुए।

इस दौरान जनपद सदस्य जागेश्वर यादव, योगेश पटेल, नसीब रात्रे, गोकुल सिन्हा, भागवत सिन्हा आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथि स्वागत एवं वंदना से हुआ। इस मौके पर श्री गांधी ने केन्द्र सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने का आव्हान किया। इस मौके पर आयुष्मान कार्ड, स्वास्थ बीमा, उज्वला योजना, पोषण योजना आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी। संकल्प क्विज प्रतियोगिता में जीतने वालों को टी शर्ट, टोपी, पेन, कॉपी दिया गया।

बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। विभागीय स्टालों में कर्मचारियों ने योजनाओं की जानकारी जनसमुदाय को दी। इस दौरान सरपंच सुमित्रा गोस्वामी, बीईओ आरएल पात्रे, एबीईओ जयंत साहू, विकास खंड श्रोत समन्वयक अरविंद रत्नाकर आदि मौजूद थे। संचालन वीरेंद्र तिवारी एवं संकुल समन्वयक लच्छूराम साहू ने किया।

### अलंकरण समारोह 13-14 को

**डोंगरगढ़।** छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन का अष्टम अग्र अलंकरण समारोह एवं 16 वां प्रांतीय अधिवेशन आगामी 13 एवं 14 जनवरी को अनंत पैलेस राजनांदगांव में होगा। प्रांतीय संगठन के उपाध्यक्ष विरेन्द्र अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम में सम्मिलित होने ऑनलाइन पंजीयन प्रारंभ हो गया है। सदस्य अपना पंजीयन करा करकर कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं।

### रामदेव बाबा का जम्मा जागरण आज



**डोंगरगांव।** नगर के प्रसिद्ध दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर परिसर में कल 28 दिसंबर को रात्रि आठ बजे बाबा रामदेव का विशाल जम्मा जागरण का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में हैदराबाद के प्रख्यात जम्मा गायक गोपाल बजाज के सुपुत्र भाई सुशील बजाज प्रस्तुती देंगे।

आयोजकों ने सभी से धार्मिक आयोजन में सहभागी बनने का आव्हान किया है।

## 30 पौवा देशी शराब बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंडई पंडरिया



पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा, एएसपी नेहा पाण्डेय के निर्देशन और एसडीओपी प्रशांत खाण्डे के निर्देश पर थाना प्रभारी शिव शंकर गेंदले के नेतृत्व में पुलिस ने गत 26 दिसंबर को गुल्लू ढाबा के सामने शराब बेचने की शिकायत मिलने पर छापामार कार्रवाई किया। पुलिस ने डाकेश्वर पटेल पिता भोलाराम पटेल निवासी ढोठमा नवापारा के पास से 30 पौवा देशी प्लेन शराब बरामद किया। आरोपी के पास से बिक्री की रकम 240 रूपए जब्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट कायम कर मामले को विवेचना में लिया गया।

## कलश यात्रा में राम नाम की गूंज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगांव



श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए अयोध्या से पूजित अक्षत कलश की भव्य कलश यात्रा बुधवार को नगर में निकाली गई। मानस पाठ के बाद दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर से निकली कलश यात्रा सदर लाईन, फव्वारा चौक, मुख्य मार्ग से होते हुए साकेत धाम पहुंची। यहां कलशों की स्थापना कर महाआरती किया गया। शोभायात्रा के दौरान पूरे नगर में जय जय श्रीराम की गूंज रही। रास्ते में नगरवासियों ने लोगों पर फूल बरसा कर स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह होने वाला है। श्रीराम मंदिर तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के आव्हान पर प्रत्येक घर तक आमंत्रण पंहुचाने के लिए महा अभियान आरंभ होना है जो आगामी एक से 15 जनवरी तक चलेगा। शोभायात्रा के निकलने के पूर्व अयोध्या से आये 15 अक्षत कलश का 15 विवाहित जोड़ों ने विधिविधान से पूजन अर्चना किया। इन अक्षत कलश को नगर के विभिन्न मंदिरों में स्थापित किया जाएगा। इस दौरान दिनेश गांधी, रामकुमार गुप्ता, लोकेश यदु, राजा जैन, मनीष साहू, अजय वैष्णव, महेश्वर साहू, डिकेश साहू, राजू



यादव, किशोर यादव, योगेश पटेल, जिपं सदस्य जागृति यदु, अंजू त्रिपाठी, निर्मला सिन्हा, अपर्णा तिवारी, विजय जैन, दिनेश साहू, निर्भय श्रीवास आदि बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## शिवपुराण कथा का वाचन 31 से

**घुमका।** ग्राम क़े पंचायत परिसर में आगामी 31 दिसंबर से शिव महा पुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन रखा गया है जो आगामी 8 जनवरी तक जारी रहेगा। पहले दिन 31 दिसंबर क़ो कलश यात्रा, गणेश पूजन किया जाएगा। रेवे बेरला के भगवताचार्य पं. श्रीकांत जोशी एक जनवरी को लिंगेश्वर पूजन, नारद मोह, 2 क़ो सृष्टि वर्णन, गुण निधि, संध्या प्रसंग, 3 क़ो दक्षवंश वर्णन, सती प्रसंग, पार्वती जन्मोत्सव, 4 क़ो शिव पार्वती विवाह, 5 क़ो कार्तिक गणेश प्राकट्य, तारकसूर मोक्ष, जालंधर प्रसंग, 6 क़ो त्रिपुर प्रसंग, गणपति विवाह, 7 क़ो ज्योतिर्लिंग उत्पति, उषा प्रसंग की कथा का वाचन करेंगे। आगामी 8 जनवरी क़ो रुद्राक्ष महिमा, हवन महाप्रसादी का वितरण क़े साथ यज्ञ का समापन होगा। मुख्य यजमान कुमार सिंह चंदेल, कमला देवी चंदेल, होंगे। यह जानकारी सुनील अनिल सिंह चंदेल ने दी।

### सहकारी कर्मचारी संघ की बैठक आज

**डोंगरगढ़।** जिला सहकारी समिति कर्मचारी संघ की बैठक कल 28 दिसंबर को दोपहर 2 बजे गोंडवाना गार्डन पीटीएस के सामने राजनांदगांव में रखी गई है।

बैठक में धान परिवहन के संबंध एवं पदाधिकारियों के सहयोजन पर चर्चा की जाएगी। सभी धान खरीदी प्रभारियों एवं सदस्यों की उपस्थिति की अपील की गई है।

CSPDCL छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम) (छ.रा.वि.मं. की एक उत्तरदायी कंपनी)
कार्यालय- कार्यपालन अभियंता (प्रोजेक्ट) संभाग, राजनांदगांव

// आवश्यक सूचना //

समस्त नागरिकों को सूचित किया जाता है, कि चौकी-मोहला-मानपुर जिले में मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास योजना के अंतर्गत निम्न नई खींची गई 33 के.व्ही. लाईन को इस सूचना के प्रकाशन दिनांक से कभी भी उर्जीकृत किया जा सकता है।

1. 33 के.व्ही. लाईन मोंगरा से चिल्हाटी- उक्त लाईन ग्राम-मुजाल, झिटिया, खड़खड़ी से होते हुए चिल्हाटी तक गई है।
2. 33 के.व्ही. लाईन बांधाबाजार से कुमर्दा - उक्त लाईन ग्राम- गुण्डरदेही, घुपसाल से होते हुए कुमर्दा तक गई है।

अतः विद्युत लाईन के खंबो एवं स्टे आदि से सुरक्षित दूरी बनाये रखे तथा किसी प्रकार की छेड़छाड़ न करें।

(एस.के. चन्द्राकर)
कार्यपालन अभियंता (परियोजना) संभाग
छ.स्टे.पॉ.डि.कं.लि. राजनांदगांव

## गांव में केन्द्र की योजनाओं का प्रचार



**छुरिया।** ग्राम पंचायत बोईरडीह में केंद्र सरकार के योजनाओं का एलईडी से सुसज्जित वेन से प्रचार प्रसार किया गया।

वहीं विभागों ने स्टाल लगाकर योजनाओं से जन मानस को अवगत कराया। मुख्य अतिथि अजय पटेल ने उपस्थित जनों को विश्वकर्मा योजना, अन्न योजना, जल जीवन मिशन के बारे में बताया।

इसी क्रम में मंडल महामंत्री संजय कुमार सिन्हा ने बताया कि विष्णु देव सरकार ने रुके सभी आवासों की मंजूरी दे दी है। कार्यक्रम में सीईओ एसके ओझा, नायब तहसीलदार सिद्धिकी, सीएमओ श्री गुप्ता, बेदेश्वरी साहू, भुखन धनकर, अशोक सेन, चेतन साहू, कुंदन बडोले, ललित साहू, भारत साहू, चोवाराम, खिलावन पटेल सहित अन्य उपस्थित थे।

घर बैठे लोन पायें
• LOW INTEREST RATE •
बिजनेस लोन पर्सनल लोन होम लोन कार लोन मॉर्गेज लोन
LOW PROCESSING FEE
ITR फाईल करने का अंतिम अवसर 31 दिसम्बर तक
लोन लेने के लिए आज ही ITR बनवायें
मात्र- 499/-
ITR GST
कारगिल चौक, सुन्दर नगर, रायपुर (छ.ग.), मो. 9343916614

पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोनः 0771-2234153,4074154
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30pm., सायं 7.00 to 8.30pm.
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9406004581
मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### आत्मानन्द स्कूल के बच्चे पुरस्कृत

**गंडई पंडरिया।** दो वीर बालक फतेह सिंह एवं जोरावर सिंह की याद में 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाया जाता है। इसी कड़ी में खैरागढ़ कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शाला में जिला स्तरीय खेल,



चित्रकला, भाषण, निबंध, कविता आदि का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लाल मुरतसिंह खुशरो अंग्रेजी हिंदी विद्यालय गंडई के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। कविता पाठ में तुशी देवांगन ने प्रथम, निबंध लेखन में रश्मि प्रजापति ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य पवन कुमार ददरया एवं शाला परिवार ने सफल छात्रों को बधाई दी है। उनकी सफलता में पिंकेश कश्यप, स्मिता दास का सहयोग रहा।

### सुशासन दिवस पर बोनस प्रमाण पत्र का वितरण

**छुरिया।** जनपद पंचायत के सामुदायिक भवन में गत दिनों सुशासन दिवस मनाया गया। इस मौके पर जिला भाजपा उपाध्यक्ष चद्रिका प्रसाद डड़सेना ने कहा कि 18 लाख परिवार को प्रधानमंत्री आवास, महतारी वंदन योजना का वादा सरकार जल्द पूरा करेगी। कार्यक्रम के प्रारंभ में भारत माता एवं अटल बिहारी



बाजपेयी की पूजा की गई। मुख्य अतिथि चद्रिका प्रसाद डड़सेना थे। अध्यक्षता अजय पटेल ने की। विशेष अतिथि घासी साहू, हीरेन्द्र साहू, संजय सिन्हा, किरण वैष्णव, राधे शर्मा, मनभावन सिंह ऊइके, राजेश्वर ध्रुवे, कांता साहू, मनीष त्रिपाठी, संगीता यादव, मनीष जैन, बोनी पटेल, नैनसिंह पटेल थे। कार्यक्रम में एसडीएम, सीईओ एसके ओझा एवं जिला सहकारी बैंक मैनेजर ने बोनस प्रमाण पत्र का वितरण किया। मंडल अध्यक्ष अजय पटेल, हीरेन्द्र साहू, घासी साहू, एमडी ठाकुर, संजय सिन्हा ने भी संबोधित किया।

### रासेयो शिविर का समापन कल

**डोंगरगढ़।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई उच्चतर माध्यमिक शाला पारागांव खुर्द, रेंगाकठेरा, मुसरा, सुकुल दैहान ने संयुक्त आवासीय शिविर का आयोजन पारागांव खुर्द में किया है। यह शिविर 29 दिसंबर तक चलेगा। शिविर में 150 स्वयंसेवक प्रतिदिन




प्रभात फेरी, योगाभ्यास, बौद्धिक चर्चा, खेल, ग्राम संपर्क के साथ ही सफाई अभियान चला रहे है। स्वयंसेवकों ने गत दिनों बाजार, उप स्वास्थ्य केंद्र एवं हैंडपंप के सफाई कर सोखता गड्ढा का निर्माण किया। इसी कड़ी में बौद्धिक चर्चा के तहत किशोरी लाल वर्मा डीएसपी धनोरा ने चरित्र निर्माण एवं कैरियर गाइडेंस पर चर्चा की। रासेयो के जिला संगठक डा.सुरेश पटेल ने रासेयो के उद्देश्य, कार्य आदि की जानकारी दी। कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य श्री चंद्रवंशी, पारागांव खुर्द के लेखराम साहू, बिशहत वर्मा, दानेश्वर लिल्हारे, पुनेश्वर साहू, भानुप्रताप लोधी, सुनीता धुर्वे शामिल हुए।

### विधानसभा अध्यक्ष से की सौजन्य भेंट



**राजनांदगांव।** विधानसभा सत्र के दौरान गत दिनों विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से हरीश गांधी जिलाध्यक्ष हिंदू जागरण, अरूण डागा, आशीष गांधी, प्रफुल्ल पटेल आदि ने सौजन्य भेंट की।

### 21 को शहीद रामाधीन गोंड़ बलिदान दिवस

**राजनांदगांव।** जिला आदिवासी गोंड़ महासभा राजनांदगांव के तत्वाधान में आगामी 21 जनवरी को शहीद रामाधीन गोंड़ बलिदान दिवस गोंड़वाना भवन राजनांदगांव व अन्य स्थान में आयोजित किया जाएगा। जिला गोंड़ समाज के पदाधिकारियों ने ठान लिया है कि पुराने साथियों मोहला, मानपुर, अं.चौकी, खैरागढ़, छुईखदान, साल्हेवारा, कवर्धा, पंडरिया जिला को आमंत्रण किया जाएगा। कार्यक्रम में आकर्षक रीलो नृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम को परितोषिक अतिथिओ द्वारा प्रदान किया जाएगा। गोड़ समाज के मुड़ादार एवं युवा महिला प्रभाग को विशेष उत्तरदायित्व दिया गया है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, विचार नेताम, किरण देव प्रदेश अध्यक्ष भाजपा, विकास मरकाम प्रदेश अध्यक्ष अजजा मोर्चा को आमंत्रण किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता नीलकंठ गढ़े जिलाध्यक्ष ने किया।

### पुरस्कार के लिए ककईपार के 1 स्काउट का चयन

**राजनांदगांव।** शासकीय हाईस्कूल ककईपार से 1 स्काउट का चयन राज्यपाल पुरस्कार के लिए हुआ है। यह परीक्षा रायपुर की झांकी में



आयोजित थे। जिसमें शेरपार के 3, गोटाटोला से 2 एवं ककईपार से 1 स्काउट का चयन हुआ। स्काउट मास्टर धर्मेन्द्र कुमार कौशिक ने बताया कि स्काउट इस परीक्षा में उत्तीर्ण होता है, तो उसे वार्षिक परीक्षा में 10 अंक अतिरिक्त दिया जाता है और आगे नौकरियों में भी बोनस अंक दिया जाता है।

यह उन विद्यार्थियों की विशिष्ट उपलब्धियां हैं। चयनित विद्यार्थियों को राज्यपाल द्वारा पुरस्कृत किया जाता है। शासकीय हाईस्कूल ककईपार से टीकम पटेल का चयन हुआ है। जिसमें स्काउट मास्टर धर्मेन्द्र कुमार कौशिक का योगदान रहा। इस उपलब्धि से प्राचार्य गणेशराम साहू, व्याख्याता संदीप कुमार दास, ताराचंद कारी हेरपाल, राजपाल सिंह कंवर, संजीव सोरी ने स्काउट प्रभारी धर्मेंद्र कौशिक एवं स्काउट टीकम कुमार पटेल को शुभकामनाएं दी।

## निधन



### सुमित्राबाई

**सड़क अतरिया।** ग्राम में बुधवार की सुबह सुमित्राबाई मानिकपुरी का निधन हो गया। वह ग्राम के कोतवाल हिमांचल दास की मां थी। अंतिम यात्रा स्थानीय मुक्तिधाम के लिए निकली। जिसमें लच्छीदास, हीरादास, हिमांचल दास, साहेब दास, जनक दास, सम्भु दास, कुमार दास, ज्ञानदास, रघुनंदन दास, कैलाश, पंकज दास, मनोज सहित परिवार एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में शामिल हुए।

---

### विस अध्यक्ष ने गुरुद्वारा में माथा टेककर लिया आशीर्वाद

# धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए की गई शहादत अविस्मरणीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह मंगलवार को गुरूद्वारा चौक पर आयोजित चार साहिबजादों की शहादत तथा धर्म की रक्षा हेतु बलिदान व शौर्य को समर्पित सफर-ए-शहादत वीर बाल दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने राजनांदगांव के गुरूद्वारा में माथा टेककर आशीर्वाद लिया और प्रदेश की खुशहाली की कामना की।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने श्री गुरू गोविंद सिंह के पुत्रों साहिबजादों की शहादत को नमन करते कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इनके शहादत को सम्मान देने वीर बाल दिवस आयोजित करने को घोषणा की है। उन्होंने कहा कि इस देश की संस्कृति, संघर्ष, अद्भुत ताकत को उस समय के शासकों ने कितना दबाया है, कितना संघर्ष हुआ, इस इतिहास को देखते हैं तो दुनिया के इतिहास के हजार साल के इतिहास में इससे बड़ी शहादत नहीं हो सकती है। श्री गुरू गोविंद सिंह के 4 सुपुत्र और पिता इन पांचों की शहादत दुनिया में इससे बड़ी शहादत नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि धर्म और संस्कृति की रक्षा आज देश की संस्कृति, परंपरा जिंदा है तो हमारे गुरूओं के ऐसे अद्भुत शहादत की देन है, जिन्होंने संघर्ष किया है, उनकी वजह से आज हिन्दुस्तान हजारों-हजार साल के बाद भी अपने स्थान पर खड़ा एवं जीवित है। श्री गुरू गोविन्द सिंह के पुत्रों की धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए की गई शहादत अविस्मरणीय है।




#### शहादत को किया नमन

सांसद संतोष पांडेय ने कहा कि आज का दिन श्री गुरु गोविंद सिंह के दोनों साहिबजादों की शहादत का दिन है। सात और नौ वर्ष की आयु में दोनों वीरों को शहादत मिली। मुगलों के दबाव के बावजूद भी उन्होंने कुर्बानी चुनी, सिक्ख समाज का इतिहास ऐसी कुर्बानियों से गौरवशाली बना हुआ है। उन्होंने धर्म और राष्ट्र के प्रति प्राणों की आहूति देने वाले वीर साहिबजादों की शहादत को नमन किया। इस अवसर पर महापौर हेमा देशमुख, नीलू शर्मा, कुलबीर छाबड़ा, प्रशांत सोनी, अशोक चौधरी, समाज प्रमुख जनरैल सिंह भाटिया, यशपाल सिंह भाटिया ने भी वीर बाल दिवस पर कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम में पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, खूबचंद पारख, बल्देव सिंह भाटिया सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी, सिख समाज के लोग उपस्थित थे।

---

# शिक्षिका डॉ.पदमा के काव्य संग्रह मुक्तासा का विमोचन



■ राजधानी के वृंदावन हाल में कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

राजधानी के वृंदावन हाल में बिलासा छंद महालय के प्रथम दीक्षांत समारोह में शिक्षिका पद्मा साहू के द्वितीय काव्य संग्रह मुक्तासा का विमोचन हुआ।

छंद के छ संस्था के संस्थापक अरुण कुमार निगम, साहित्यकार डॉ. प्रोफेसर राजन यादव, छंद महालय के संस्थापक डॉ.रामनाथ साहू ननकी, अल्वा फाउंडेशन नई दिल्ली के अध्यक्ष हेमशंकर जेठमल, फिल्म अभिनेता व सहाय हॉस्पिटल रायपुर के अध्यक्ष डॉ अजय मोहन सहाय के हाथों पद्मा साहू पर्वणी के द्वितीय काव्य संग्रह मुक्तासा का विमोचन हुआ। डॉ.पदमा साहू ने बताया कि उनकी रचना मुक्तासा दोहा संग्रह है जिसमें 23 प्रकार के दोहों के अलग-अलग सृजन शब्दों के साथ आध्यात्मिक, शैक्षणिक, प्राकृतिक, सामाजिक विचारों को लेकर दो हजार के आसपास दोहा लिखा गया है। मुक्तासा दोहा संग्रह पाठकों के साथ छात्र-छात्राओं के लिए भी उपयोगी सिद्ध होगा। कार्यक्रम में बिलासा छंद महालय प्रमुख डॉ.रामनाथ साहू ननकी द्वारा छंदावली साझा संग्रह के विमोचन के साथ अन्य साहित्यकारों की पुस्तकों का विमोचन किया गया। इस दौरान डॉ मुदिता मधु, डॉ.परमजोत सिंह बिहार, सुषमा शर्मा, श्रुति, पद्माक्षी शुक्ल, इंद्राणी साहू सांची , डॉ. निर्मला शर्मा, गजेंद्र हरिहरणो, भागवत निषाद सहित अलग-अलग राज्यों से आए छंद साधक मौजूद थे। शिक्षा विभाग में पदस्थ श्रीमति साहू ज़िला भाजपा अध्यक्ष व जिपं सभापति घम्मन साहू की धर्मपत्नि है।

---

### जोशीलमती में 30 से मानसगान सम्मेलन

**राजनांदगांव।** ग्राम जोशीलमती (गैंदाटोला) में सत्यम मानस मंच एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में दो दिवसीय मानस गान सम्मेलन का आयोजन 30 दिसंबर को शुभांरभ होगा। आयोजक समिति के चित्रांगन साहू ने बताया कि दो दिवसीय मानस सम्मेलन के तहत 30 दिसंबर को मुक्ता महिला मानस परिवार जोशीलमती, वेदश्रवण मानस परिवार पलांदुर, मोर संग चलव मानस परिवार जयसिंहटोला, गंगा मानस परिवार टेकापार, संगम मानस परिवार बल्देवपुर, रामकिंकर मानस परिवार करमदा, नौनिहाल मानस परिवार मारू टोला, प्रज्ञा मानस परिवार पुरी बठेना की मंडली अपनी प्रस्तुति देगी। इसी तरह से 31 दिसंबर को नवज्योति महिला मानस परिवार जोशीलमती, बाल संस्करण मानस परिवार बेलमाड बालोद, गंधर्व मानस परिवार भानुप्रतापपुर, झन भुलव मां बाप ल मोखा, पुन्नी के चंदा देवपुरा, बाल गोपाल मानस परिवार सुकतरा, झन भुलव मां बाप ला तेलिनबांधा, पुष्पांजलि महिला दर्रीपार, बस्तरिया मानस परिवार गंभरी अपनी प्रस्तुति देगी।

#### मंडई 2 को

आयोजक समिति के अध्यक्ष गोवर्धन साहू, रेखराम साहू उपाध्यक्ष, भूपेंद्र गंजीर कोषाध्यक्ष, गोपाल साहू सचिव, राजकुमार साहू सहसचिव, सदस्यगण चित्रांगन साहू, मोहन साहू, अलख साहू, विवेकानंद, नकुल साहू, कुमलाल साहू, किशन साहू, खैरदास साहू, राधेलाल पटेल, गुलशन निषाद, प्रकाश साहू, हिरदे चंद्र, ईश्वर साहू, नुकेश साहू, नेहरू साहू, भुलऊ पटेल, धनंजय साहू, होल्कर, प्रेमकुमार, मेहर सिंह, चेतन कोचे, चोवाराम, शिवकुमार चंद्र, डॉ. रिकेश, भूषण पटेल, राधेराम, अणेश उइके, टेमन साहू, तुकेश आदि ने कार्यक्रम की व्यापक तैयारियां आरंभ कर दी है। कार्यक्रम में मंच संचालन लक्ष्मी राठी छुरिया करेंगी। वहीं 2 जनवरी को जोशीलमती में मंडई मेला आयोजन के तहत रात्रि में खल्लारी वालों का छत्तीसगढ़ी नाच कार्यक्रम रखा गया है।

---

# आत्मानंद स्कूल में मना वीर बाल दिवस

### साहिबजादों के शौर्य, वीरता, त्याग और धर्मनिष्ठा को किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

जिला शिक्षा विभाग केसीजी द्वारा आदर्श शास कन्या आत्मानंद उच्च माध्यमिक शाला में वीर बाल दिवस का आयोजन किया गया। विधायक खैरागढ़ यशोदा नीलांबर वर्मा, जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, जिपं सभापति घम्मन साहू, जिपं सभापति विप्लव साहू सहित अन्य अतिथियों स्वागत करते हुए डीईओ फत्तेराम कोसरिया ने कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों को भारत के इतिहास में अमर वीर बलिदानी बच्चों के शौर्य की कहानी बताकर उसे आत्मसात करने की अपील की। विधायक यशोदा वर्मा ने कहा की हमारा देश वीर बलिदानियों का देश है हम सभी को उनके पदचिन्हों




पर चलना चाहिए। जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिक्ख संप्रदाय के दसवें गुरु गोविंद सिंह की जयंती पर यह घोषणा की थी कि अपने धर्म की रक्षा करते हुए उनके छोटे साहिबजादों वीर जोरावर सिंह और फतेह सिंह ने जो बलिदान दिया था उनके सम्मान में प्रत्येक वर्ष 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाया जाएगा। देश के उन वीर पुत्रों को सच्ची श्रद्धांजलि देने यहां सब उपस्थित हैं। उन्होंने बच्चों को अपने धर्म और देश की रक्षा करने प्रेरित किया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने खो-खो और कबड्डी में अपनी प्रतिभा दिखाई विजेताओं को अतिथियों के द्वारा पुरस्कृत किया गया वहीं गीत, कविता, नृत्य आदि की दी रंगारंग प्रस्तुति हुई।

इस दौरान विनय देवांगन, भीखमचंद छाजेड़, आकाशदीप सिंह गोल्डी, टीके चंदेल, विकेश गुप्ता, रामाधार रजक, रूपेंद्र रजक, कमलेश कोठले, नरेंद्र सेन, ओम साहू, पुष्पा सिंदूर, गिरिजा चंद्राकर, मोनिका रजक, तहसीलदार प्रीति लारोकर, बीईओ नीलम सिंह राजपूत, प्रभारी सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी कन्हैया पटेल, बीआरसी सुजीत सिंह चौहान सहित शिक्षक कर्मचारी व बड़ी संख्या में बच्चे उपस्थित थे।

---

# सिंगारघाट में एनएसएस शिविर शुरू

**खैरागढ़।** ब्लॉक के सिंगारघाट में डॉ. पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी शासकीय बालक उमा शाला के रासेयो इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर की शुरुआत हुई। प्रभारी प्राचार्य रोशन लाल वर्मा के निर्देशन, कार्यकम अधिकारी अनुराग सिंह व्याख्याता एलबी के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर का शुभारंभ उद्घाटन स्वामी विवेकानन्द के तैलचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वल्लित कर किया गया । इस दौरान सरपंच मनीषा बैतल साहू, उपसरपंच नोहर निषाद, सावत साहू, अन्नपूर्णा सेन, देवशरण दीनूराम, विष्णु निषाद, दिलीप निषाद, मनोहर बोरकर, प्रमोद मेश्राम सहित अन्य मौजूद थे। कार्यक्रम अधिकारी अनुराग सिंह ने बताया कि शिविर के सातो दिवस विभिन्न गतिविधिया संपादित होंगी। रासेयो स्वयंसेवक सुबह 5 बजे से रात्रि 10 बजे तक लगातार क्रियाशील रहकर गांव में नशा उन्मूलन, स्वच्छता, एड्स, प्लास्टिक के दुष्परिणाम और प्रदूषण सहित अन्य विषयों को लेकर ग्रामीणों को जागरुक करेंगे




वहीं स्वच्छता अभियान चलाकर स्कूल परिसर, गांव की गलियों, तालाब की साफ सफाई करेंगे वहीं विभिन्न प्रकार की सांस्कृतिक, साहित्यिक गतिविधियों में शामिल होंगे। अनुराग सिंह ने बताया कि शिविर में शामिल बच्चों के व्यक्तित्व विकास को लेकर प्रतिदिन 2 से 4 बजे तक विभिन्न विषय विशेषज्ञों की उपस्थिति मे बौध्दिक चर्चा का आयोजन होगा।

# श्रीराम कथा के प्रथम दिवस जुटे श्रद्धालु

**खैरागढ़।** धर्मनगरी पांडादाह में आयोजित संगीतमय सरस श्रीराम कथा का भव्य शुभारंभ बड़ी संख्या में जुटे रामभक्त श्रद्धालुओं की उपस्थिति में हुआ।

भगवान बल्देव मंदिर परिसर में कथा के प्रथम दिवस सरस व्याख्यान सुनते देवी भक्ति प्रभा ने कहा कि प्रभु श्रीराम का जीवन समाज में आदर्श स्थापित करने सबसे बड़ा मूल मंत्र है। उन्होंने रामकथा के प्रथम दिवस कथा सुनाते केवट एवं भगवान राम के संवाद का अद्भुत व्याख्यान कर बताया कि भगवान दर्शन के लिए स्वयं नहीं बुलाते हैं। वे भक्त के पास वे स्वयं ही चलकर जाते हैं। देश में सुशासन के परिकल्पना करने वालों को श्रीराम के आदर्श को मानना ही पड़ेगा।

सबरी, केवट, विभीषण, सुग्रीव जैसे पात्रों का कई उदाहरण देते साध्वी भक्ति प्रभा ने बताया कि राम राज्य की स्थापना के लिए जरूरी है कि समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान कल्याण के विषय में हमें पहले सोचने की आवश्यकता है। भक्ति प्रभा ने कथा वाचन के दौरान अपनी विशिष्ठ व चिरपरिचित शैली में रहीम, कबीर



सहित देश जाने-माने कवियों के बेशकीमती व नायाब पक्तियों को सुनाकर श्रोताओं को मंत्र मुग्ध किया। रामकथा के प्रथम दिवस राम भक्त ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक स्वागत कर भजन गाते मंच तक देवीजी को मंचासीन किया। आयोजन में आशुतोष झा, जागृति झा, संजय यदु, संतोष पुजारी, ओम झा, पुरषोत्तम शर्मा, सतेंद्र साहू, आरती महोबिया, रिंकू महोबिया, प्रमिला रजक, सुयश खरे, रामेश्वर रामटेके, हेमूदास साहू सहित बड़ी संख्या में रामभक्त उपस्थित रहे।

---

### संगीत विश्वविद्यालय में मना वीर बाल दिवस

# सुमधुर संगीत से शहादत को सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

इंदिरा कला संगीत विवि में सांगीतिक प्रस्तुतियों के साथ शहादत को नमन करते हुए वीर बाल दिवस मनाया गया। विवि स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभागी विद्यार्थियों ने दसवें सिख गुरू गोविंद सिंह के सुपुत्रों फतेह सिंह और जोरावर सिंह की शहादत पर अपना-अपना विचार रखा। इसके पूर्व संगीत संकाय के विद्यार्थियों ने सुमधुर सांगीतिक प्रस्तुतियों से बाल वीरों की शहादत को नमन किया तो समारोह भावपूर्ण हो गया और तालियों की गड़गड़ाहट से प्रेक्षागृह गूंज उठा। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री की घोषणा अनुरूप उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार, कुलपति पद्मश्री डॉ. ममता चंद्राकर के संरक्षण, विधायक यशोदा वर्मा के मुख्य आतिथ्य और प्रभारी कुलपति प्रो डॉ काशीनाथ तिवारी की अध्यक्षता में कार्यक्रम हुआ। कुलसचिव प्रो डॉ नीता गहरवार, अधिष्ठाता प्रो डॉ नमन दत्त, जिपं सभापति विप्लव साहू, मिहिर झा सहित अन्य उपस्थित थे।

#### विद्यार्थियों को विस्तार से दी जानकारी

कार्यक्रम के पहले चरण में अतिथियों और वक्ताओं के द्वारा दसवें सिख गुरू गोविन्द सिंह और उनके सुपुत्रों की जीवनी के बारे में विद्यार्थियों को विस्तार से जानकारी दी गयी। दूसरे चरण में विद्यार्थियों द्वारा सबद के माध्यम से वीर बाल दिवस पर आधारित सांगीतिक प्रस्तुतियां दी गई। प्रो डॉ नमन दत्त के निर्देशन में श्वेता शिवाले, विशाली कुमारी, श्वेता शर्मा, जसमीत कौर, शुभम ठाकुर, हरविंदर सिंह, विशाल रावत, रागेश्री रॉय चौधरी, राम जोंधले, अमित सूर्यवंशी और देवेंद्र मोंगरे की टीम ने शानदार प्रस्तुति दी। सूत्रधार की भूमिका शोधार्थी भरत बिद्रुआ ने निभाई। वहीं तीसरे चरण में भाषण प्रतियोगिता हुई जिसमें प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों क्रमशः कौशिकी बिल्लौरे, हृषिका माधवी शर्मा और पूर्वी बुले को पुरस्कृत किया गया। प्रतिस्पर्धा में हिस्सा लेने वाले अन्य विद्यार्थियों पूनम शुक्ला, प्रियंका रघुवंशी, प्रवीण कुमार और पूर्वी नगाइच आदि की अभिव्यक्ति को भी प्रशंसा मिली। कार्यक्रम का संचालन हिन्दी विभाग के प्रमुख व अधिष्ठाता प्रो डॉ राजन यादव ने किया। भाषण प्रतियोगिता के लिए डॉ आशुतोष चौरे और विवेक नवरे निर्णायक थे। कार्यक्रम में सहायक कुलसचिव राजेश गुप्ता, डॉ लिकेश्वर वर्मा, डॉ दिवाकर कश्यप, डॉ दीपशिखा पटेल, डॉ नत्थू तोड़े, डॉ हरिओम हरि, डॉ शिव नारायण मोरे, इशांत दुबे सहित पूरा विवि परिवार मौजूद था।

### समिति ने सौंपा ज्ञापन

**राजनांदगांव।** नगर निगम परिसर में स्थापित छत्तीसगढ़ महतारी प्रतिमा की पूजा-अर्चना व रखरखाव को लेकर की जा रही उपेक्षा की ओर निगम का ध्यान आकर्षित करते साहित्य समिति ने नगर निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। छत्तीसगढ़ साहित्य समिति के जिला अध्यक्ष आत्माराम कोशा व शिवनाथ धारा साहित्य परिषद के विरेन्द्र तिवारी सहित पवन यादव, रौशन साहू आदि कवि / साहित्यकारों द्वारा आयुक्त को सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि सितंबर माह में नगर निगम परिसर में स्थापित व नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी प्रतिमा की स्थापनाकाल से न उसकी पूजा-अर्चना की जा रही है और न उक्त प्रतिमा के सामने एक अगरबत्ती ही जलाया जा रहा है। साहित्य समिति के अध्यक्ष श्री कोशा ने कहा कि चाहे भारत माता की प्रतिमा हो या छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा, यह सभी हमारी पूज्यनीय मातृशक्ति व छत्तीसगढ़ी नारी शक्ति का प्रतीक है, जो प्रत्येक छत्तीसगढ़िया के स्वाभिमान को जगाने वाला है। इसके सम्मान में राज्य शासन द्वारा राज्य गीतगान का निर्धारण किया गया है, जिसे गरिमा व सम्मान के साथ गाया जाता है।


हम सबके प्रिय भाजपा प्रदेश प्रवक्ता बड़े भैय्या
मान. श्री नीलू शर्मा जी
को जन्मदिन की
की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं...
28
December
श्री नीलू शर्मा जी
प्रदेश प्रवक्ता, भारतीय जनता पार्टी छ.ग.
विनीत - समस्त मित्रगण, स्टेशनपारा, राजनांदगांव
नरेन्द्र हंसा
शहर मंत्री
उत्तर मण्डल भाजपा, राजनांदगांव


double dhamal
offer
शॉपिंग को बनाईये यादगार
सुमीत बाजार
क्रिसमस एवं न्यू ईअर की हार्दिक शुभकामनाएं
2023 का
Good-BUY
Offer
रु 1 का सिक्का
उपहार पक्का
ऑफर 31 दिसम्बर 2023 तक
मात्र ₹1 में
ब्रांडेड कुशन कव्हर
100% कॉटन
16 x 16 size
2 पीस का सेट
बाजार मूल्य ₹149 & above
₹599 की खरीदी पर
मात्र ₹1 में
ब्रांडेड पॉवर एडाप्टर + स्टीरियो हेडफोन + एलईडी लैम्प
बाजार मूल्य ₹399 & above
₹999 की खरीदी पर
मात्र ₹1 में
ब्रांडेड लेपटॉप बैग विथ पाऊच
बाजार मूल्य ₹799 & above
₹2199 की खरीदी पर
मात्र ₹1 में
एक्सपोर्ट क्वालिटी ब्रांडेड चटाई
5 x 7 size
₹3999 की खरीदी पर
मात्र ₹1 में
ब्रांडेड डबल बेडशीट सेट
LAWMAN Pg3
बाजार मूल्य ₹1499 & above
₹6999 की खरीदी पर
मात्र ₹1 में
ट्रेवल ट्रॉली डफल बैग + ब्रांडेड डेस्कटॉप ऑडियो विथ नाईट लैम्प
बाजार मूल्य ₹3499 & above
₹15999 की खरीदी पर
मात्र ₹1 में
नोटिका ब्रांड ट्रेवल सेट
(7 पीस का सेट)
बाजार मूल्य ₹12399 & above
₹25999 की खरीदी पर
छत्तीसगढ़ में पहली बार!
10 CRORE से अधिक के उपहार
1 करोड़ के स्वर्ण आभूषण और TATA NEXON SAMRT CAR दोनों?!
जी हाँ,
आपकी एक खरीदारी आपको दिला सकती है दो बार इनाम,
साथ में 5 कूपन पर फ्री गिफ्ट भी!
नियम और शर्तें –
• यह ऑफर 31 दिसम्बर 2023 तक वैध है, सभी ग्राहक इस ऐतिहासिक योजना का लाभ उठा सकते हैं. • योजना में दर्शाये गये आयटम खत्म होने पर दूसरा आयटम दिया जा सकता है. • योजना को बंद अथवा परिवर्तन करने का संपूर्ण अधिकार सुमीत बाजार के पास सुरक्षित है. • योजना में दर्शाये हुए चित्र सांकेतिक है. • 1 रु. वाली यह योजना निश्चित खरीदी पर लागू है, जैसा ऊपर विज्ञापन में दर्शाया गया है. • ऑफर स्टॉक रहने तक
*condition apply
सुमीत मंडी परिसर, बसंतपुर रोड, राजनांदगांव
श्री सिनेमा के पास, स्टेशन रोड, डोंगरगढ़
लोहारा रोड, कवर्धा

## वनांचल चिल्फी में छाया कोहरा, आवागमन में दिक्कत

# सुबह तक रही धुंध, दिन में जले वाहनों के हेड लाइट

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले के वनांचल ग्रामीण क्षेत्रों में मंगलवार-बुधवार की रात घना-कोहरा छाया रहा, इसके कारण सुबह के समय वाहन चालकों को आवागमन करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। दिन निकलने के बाद भी सुबह के समय वाहन चालकों को वाहन ही हेडलाइट जलाकर वाहन चलाना पड़ रहा था, ताकि किसी तरह की कोई दुर्घटना न घटित हो। बुधवार को चिल्फी, रेंगाखर, सरोधा दादर, वनांचल में सूर्योदय के बाद घना-कोहरा वातावरण में दिखाई दे रहा रहा था जो कि दिन चढ़ने के साथ ही कुछ घंटों में कोहरा कम होने लगा। इसी तरह का हाल जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह के समय इस दिन घंटों कोहरा छाया रहा। कोहरा इतना घना था कि दृश्यता लगभग 50 मीटर की हो गई थी। यही कारण है कि सुबह के समय वाहन चलाने वाले लोगों को दिन निकलने के बाद भी वाहन की हेडलाईट जलाकर चलना पड़ रहा था। वनांचल क्षेत्र के निकट ग्राम राजाढार, घवाई-पानी सहित आसपास के इलाकों में इस दिन सुबह 9 बजे तक कोहरा छाया रहा।

### आसमान में छाया रहा कोहरा, तापमान में मामूली बढ़ोत्तरी से ठंड में कमी



वर्तमान में कुछ दिनों से कड़ाके की ठंड से लोगों को राहत मिली है। कंपकंपी ठंड का असर दिन में नहीं हो रही है, वहीं शाम ढलने के बाद ही ठंड का असर हो रहा है। जानकारी के अनुसार 26 दिसंबर को अधिकतम तापमान 28 तथा न्यूनतम तापमान 12 डिग्री दर्ज की गई। वर्तमान में पश्चिमी विक्षोभ के गुजरने के कारण नमी की मात्रा में कमी आई है, इसके कारण ठंड का असर कुछ कम हुआ है। यही कारण है कि न्यूनतम तापमान कमी कुछ दिनों से नहीं हो रही है। इस समय हवा की गति 3 किमी प्रति घंटे की गति से चल रही है। विदित हो कि जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह के समय से घना-कोहरा छाया रहा, इससे तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है, वहीं पारा गिरने से ठिठुरन बढ़ गई है। रात और सुबह की तरह दिनभर ठंड पड़ रही है। लोग दिन में भी गर्म कपड़ों में दिखाई दे रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से मौसम का मिजाज बदलने वाला है। यहां के न्यूनतम तापमान बढ़ने की संभावना है। कबीरधाम जिले के वनांचल ग्राम चिल्फी, सरोधा दादर, रेंगाखर, पीडाघाट, कुई कुकदूर, दलदली क्षेत्र में कड़ाके की ठंड पड़ रही है इसमें वनांचल के आदिवासी अलाव का सहारा ले रहे है।

# अशोका पब्लिक स्कूल में वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता संपन्न

■ समापन कार्यक्रम में एसपी डॉ अभिषेक पल्लव शामिल हुए।

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

अशोका पब्लिक स्कूल कवर्धा में पांच दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता अयोजित किया गया। जिसमे रेड, ग्रीन, ब्लू व येलो हाउस के बच्चों के बीच कबड्डी, खो-खो, क्रिकेट, लागोरी, एथेलिटिक्स, लंगड़ी रेस, रस्साकसी, गोला फेक, चक्र फेक, ब्रिंजल रेस, स्पून रेस, सेक रेस जिगजैग रेस, चाकलेट रेस खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा नर्सरी से 12 वी तक के विद्यार्थियों के बीच कराया गया, जिसमे सभी विद्यार्थियों ने बड़े ही उत्साह के साथ बढ-चढ़कर हिस्सा लिया वहीं विजयी प्रतिभागियों को स्वर्ण, रजत तथा कास्य पदक प्राप्त किया।


इस प्रतियोगिता का समापन समारोह में पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव के मुख्य आथित्य में संपन्न हुआ इस कार्यक्रम में विशिष्टअतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर, जिला क्रीड़ा अधिकारी दिनेश साहू, कराटे संघ के सचिव तथा पालक आकाश राजपूत उपस्थित थें। वहीं उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा विजेता प्रतिभागियों को मेडल व ट्राफी प्रदान किया गया।




कार्यक्रम का प्रारंभ नए व पुराने स्कूल के चारो हाउस के विद्यार्थियों द्वारा संयुक्त रूप से मार्च पास्ट द्वारा किया और अतिथियों को सलामी दिया। उसके पश्चात कक्षा पहली से पांचवीं तक के सैकड़ों बच्चो द्वारा शानदार एरोबिक डांस किया गया व कक्षा 6वीं से 8वीं तक के बच्चो द्वारा नृत्य प्रदर्शन तथा बच्चो द्वारा कराटे प्रदर्शन कर सभी अतिथियों एवं उपस्थित पालकगण का मन मोह लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अथिति पुलिस अधीक्षक अभिषेक पल्लव ने सभी छात्र-छात्राओं को बधाई प्रेषित करते हुए खेल के माध्यम से होने वाले लाभ को बताया। उन्होंने बच्चों को बताया कि ओलंपिक में अब भारतीय भी अधिक संख्या में मेडल ला रहे है अन्य अथितियो द्वारा भी बच्चों को मार्गदर्शन प्रदान किया। इस वार्षिक खेल प्रतियोगिता के दौरान अशोका पब्लिक स्कूल के चेयरमैन पवन देवांगन, श्रीमती सारिका देवांगन, प्राचार्य अनुराग मिश्रा, उपप्राचार्य लोकनाथ देवांगन, प्राचार्य श्रीमती अलका चंद्रवंशी, एडमिन सागर नामदेव, लेखापाल अभिषेक केशरवानी, सहायक लेखापाल जय निर्मलकर, खेल शिक्षक राजा जोशी, मनीष निषाद व समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थें।

## खबर संक्षेप



### सीनियर सिटीजन समिति ने स्व.अटल बिहारी वाजपेयी जयंती मनाई

**कवर्धा।** कवर्धा सियान जतन में सीनियर सिटीजन समिति कवर्धा द्वारा पूर्व प्रधान मंत्रीभारत रत्न स्व.अटल बिहारी वाजपेयी का जयंती सोमवार को मनाया गया। सर्वप्रथम रामदरबार की पूजा एवं स्व.वाजपेयी के तैलचित्र पर पुष्ण अर्पित व माल्यार्पण कर अध्यक्ष मदन तंबोली, आरके पाण्डेय, एसएस जैन तथा समिति के वरिष्ठ सदस्यों ने नमन किया। तत्पश्चात आदित्य श्रीवास्तव एवं पं मदन मोहन मालवीय के योगदान पर अपने विचार रखे। सदस्यों ने स्व.वाजपेयी के बताये मार्गो पर चलने का संकल्प लिया इस दौरान बड़ी संख्या में सीनियर सिटीजन समिति के पदाधिकारी व कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।

### बोड़ला में मना सुशासन दिवस

**बोड़ला।** नगर पंचायत बोड़ला भाजपा द्वारा देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेयी के जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री वाजपेयी के जयंती पर बोड़ला मुख्यालय में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। नपं पूर्व पार्षद व शक्ति केन्द्र प्रभारी सुनील मानिकपुरी ने बताया कि अटल के जयंती पर प्रमुखता के साथ नगर में विविध कार्यक्रम आयोजित किए वहीं कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को इसकी जानकारी दी गई। जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भाजपा कार्यकर्ताओं व जनप्रतिनिधियों द्वारा साफ-सफाई का कार्यक्रम किया गया वहीं अस्पताल परिषर में स्व. अटल वाजपेयी के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया इस दौरान कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।

# व्यावसायिक शिक्षा अंतर्गत विद्यार्थियों को दी गई बैंकिग की विस्तृत जानकारियां

■ छात्र-छात्राओं को बैंकिंग से जुड़ी गतिविधियों व विस्तृत चर्चा की।

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कवर्धा स्थित स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय कवर्धा में बैंकिंग विषय अंतर्गत यूनियन बैंक आर्फ इंडिया के शाला प्रबंधक निलेश रामटे द्वारा राज्य के स्कूलों में चल रहे व्यावसायिक शिक्षा अंतर्गत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 9वीं से 12वीं तक की छात्र-छात्राओं को बैंकिंग विषय अंतर्गत बैंकिंग के उत्पाद बैंकों में ग्राहक सेवा बैंकों में खाता खोलना एवं संचार व ऑनलाईन ट्रांसफार, आरटीजीएस व एनईएफटी व ऋण के उत्पाद सूक्ष्म ऋण मध्यम ऋण एवं सामान्य ऋण के बारे में विस्तृत चर्चा की।



यह जानकारी व्यावसायिक प्रशिक्षक शिवकुमार सिन्हा द्वारा आयोजित की गई। जिसमें संस्था प्रमुख प्राचार्य आरपी सिंग के मार्ग दर्शन में अतिथित शिक्षक का व्याख्यान हुआ। व्यावसायिक शिक्षा के माध्यम से छात्र-छात्राओं को बैंकिंग से जुड़ी गतिविधियों एवं बैंकिंग संबंधित विस्तृत जानकारी प्रायोगिक एवं सैद्धांतिक भी सिखते है, जिसमें छात्र-छात्राएं को विशेष रूचि होती है। अतिथि शिक्षक से प्रश्न पूछने वाले छात्राएं अमीना, प्रवीण, भूमि बांधेकर, आंचल चेलक, किरण मानिकपुरी, नेहा अग्रवाल, निकिता चौंहान सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

# पीजी कॉलेज में मनाया वीर बाल दिवस, विविध कार्यक्रम आयोजित

■ छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगी प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा।

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कवर्धा स्थित आचार्य पंथ श्री गृंध मुनि नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कवर्धा में मंगलवार को 10 वें सिख गुरू गोविंद के शहजादों की स्मृति में वीर बाल दिवस के अवसर पर उनकी शहादत को याद करते हुए तथा छात्र-छात्राओं को विस्तृत जानकारी देने हेतु विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ बीएस चौहान ने की।




उन्होने कहा कि बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की शहादत को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए वीर बाल दिवस की महत्ता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती इंद्राणी चंद्रवंशी उपस्थित रहीं, उन्होने इस दिवस पर धर्म एवं संस्कृति की रक्षा करते हुए सत्य की राह पर चलने हेतु प्रेरित किया तथा कहा कि हर बालक वीर होता है। बस उसे स्वयं को पहचानने एवं अपनी क्षमता विकसित करने की जरूरत है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डॉ विरेन्द्र साहू उपाध्यक्ष जनपद पंचायत उपस्थित थें। उन्होने वीर बाल दिवस के इतिहास पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा कहा कि गुरू गोविन्द साहब का जीवन समाज को सही राह पर चलने हेतु मार्ग दर्शित करता है। वही विशिष्ट अतिथि सांसद प्रतिनिधि दिनेश चन्द्रवंशी ने कहा कि छात्र जीवन में इस दिवस की महत्ता बहुत विशेष है। इससे हमें अनुशासन पर अडिग रहने की सीख मिलती है, बौद्धिक संगोष्ठी में महाविद्यालय के प्राध्यापक नरेन्द्र कुमार कुलमित्र ने वीर बाल दिवस के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि इस मार्मिक इतिहास के द्वारा छोटे बच्चों की शहादत हर किसी के जीवन को प्रेरणा देने वाली है। उन्होंने इस दिवस को मनाने के उद्देश्य तथा इतिहास पर सारगर्भित व्याख्यान दिए।

इस अवसर पर भाषण, प्रश्नोत्तरी व पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया। वहीं भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान लालाराम तोंदरे, द्वितीय दुर्गेश चन्द्रांकर व तृतीय स्थान दुर्गा साहू रहे। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान लोकेश्वर साहू, द्वितीय स्थान दुर्गा साहू व तृतीय स्थान पूजा चंन्द्रवंशी व निलेश कौशिक को सांत्वना स्थान पर रहे। इसी प्रकार प्रश्नोत्तरी में प्रथम स्थान धनेश्वर साहू, एवं द्वितीय स्थान दुर्गेश चन्द्रांकर रहे। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के स्टॉफ रवि गढेवाल, टीआर सलामे, सुश्री मंजू शर्मा, सुश्री अस्मिता श्रीवास्तव सहित अधिकारी-कर्मचारी गण एवं एनएसएस के वालेंटियर्स, एनसीसी कैडेटस व छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

## पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जयंती मनी



**हरिभूमि कोलेगांव।** पंडरिया विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत भुवालपुर में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वप.अटल बिहारी बाजपेयी जयंती को सुशासन दिवस की रूप में मनाया। जिसमें सोमवार को कुण्डा तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत भुवालपुर में सरपंच गणेश यादव के अगवाई में छत्तीसगढ़ के निर्माता पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व.अटल बिहारी बाजपेयी जयंती पर सुशासन दिवस पर श्रीफल व पंचो द्वारा स्व.अटल बिहारी के छाया चित्र में माल्यार्पण के साथ पूजा-अर्चनाकर कार्यक्रम का शुरूआत की गई। जिस पर पंचायत प्रतिनिधियों ने में सत्य-निष्ठा से शपथ लेकर ग्राम में सुशासन के उच्चतम मापदंडों को स्थापित करने के लिए सदैव संकल्पित लिया और शासन को अधिक पारदर्शी सहभागी जनकल्याण केंद्रित तथा जवाब देह बनाने के लिए हरसंभव प्रयास करने ग्राम के नागरिकों के जीवन स्तर पर सुधार लाने के लक्ष्य को लेकर संकल्प लिया। उन्होने बताया कि हमारा संकल्प विकसित ग्राम की शपथ लिया जिसमें ग्राम पंचायत भुवालपुर स्थित भवन में स्व अटल बिहारी बाजपेयी का 99वीं जयंती पर सरपंच गणेश यादव, बघर्रा सेवा सह.समिति के पूर्व अध्यक्ष रामेश्वर गबेल द्वारा भारत रत्न स्व.अटल बिहारी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा की स्व.अटल बिहारी प्रधानमंत्री रहते हुए देश-प्रदेश व ग्राम हित में कार्य किए, उन्होंने ही प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना अंतर्गत सड़क निर्माण कार्य कर ग्रामीण को शहर से जोड़ने का कार्य किया। इस दौरान बड़ी संख्या में पंच गण, गणमान्य नागरिक सहित ग्रामीण जन उपस्थित थें।

### अभाविप ने जरूरतमंद परिवारों को किया कपड़ा वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं व गतिविधि स्टूडेंट फार सेवा के माध्यम से जरूरतमंद वनांचलवासी बैगा आदिवासी परिवार को वस्त्र एवं गर्म कपड़ा वितरण अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें प्रदेश सहमंत्री तुषार चंद्रवंशी ने बताया कि कपड़ा व्यापारियों से सहयोग व संग्रह कर जरूरतमंद परिवार को निशुल्क कपड़ा वितरण अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कार्यकर्ताओं द्वारा किया जा रहा है। उन्होने कहा कि लोगों को निस्वार्थी भाव से सेवा करने के लिए आगे आना चाहिए। इसी सेवा भाव के माध्यम से विद्यार्थी परिषद हमेशा काम करते आ रहें है। इस दौरान बड़ी संख्या में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता व ग्रामीण जन उपस्थित थें।

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

ज्योतिषी
पता- दीपक महाराज
Mo. 9300415345

घर बैठे लोन पायें
• LOW INTEREST RATE •
बिजनेस लोन
पर्सनल लोन
होम लोन
कार लोन
कॉलेज लोन
LOW PROCESSING FEE
लोन लेने के लिए आज ही ITR बनवायें
मात्र- 499/-
ITR GST
कारगिल चौक, सुन्दर नगर, रायपुर (छ.ग.), मो. 9343916614

### पीएम ने 2 करोड़ दीदियों को लखपति बनाने के अपने सपने पर जोर दिया

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल लाभार्थियों से जुड़े प्रधानमंत्री



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से हितग्राहियों से बात-चीत की और सभा को संबोधित किया। इस कार्यक्रम का प्रसारण के माध्यम से विकासखंड सहसपुर लोहारा के ग्राम विचारपुर में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में किया गया, जहां सैकड़ों ग्रामीण शामिल हुए। कलेक्टर जनमेजय महोबे, जिला पंचातय सीईओ संदीप कुमार अग्रवाल विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्राम विचारपुर के शिविर में शामिल हुए और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उदबोधन को सुना।

कार्यक्रम के बाद कलेक्टर ने ग्रामीणों को विकसित भारत संकल्प यात्रा की जानकारी विस्तार से दी। प्रधानमंत्री ने आज विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बातचीत की। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने सभा को संबोधित भी किया।

इस कार्यक्रम में देश भर से विकसित भारत संकल्प यात्रा के हजारों लाभार्थी शामिल हुए। इस कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री, सांसद, विधायक और स्थानीय स्तर के प्रतिनिधि सम्मिलित हुए। मध्य प्रदेश के देवास की रूबीना खान ने बताया कि 1.3 लाख महिलाओं वाले एक स्वयं सहायता समूह से जुड़ी हैं और उन्होंने अपने स्वयं सहायता समूह से ऋण लेकर कपड़े बेचने का छोटा सा कारोबार शुरू किया और मजदूरी करना छोड़ दिया। बाद में उन्होंने अपना सामान बेचने के लिए एक पुरानी मारुति वैन जुटा ली। इस पर प्रधानमंत्री ने मजाक में कहा, मेरे पास तो साइकिल भी नहीं है। बाद में उन्होंने देवास में एक दुकान ले ली और उन्हें सरकार से भी काम मिला।

उन्होंने महामारी के दौरान मास्क, पीपीपी किट और सैनिटाइजर बनाकर अपना योगदान दिया। क्लस्टर रिसोर्स पर्सन सीआरपी के रूप में अपने अनुभव याद करते हुए उन्होंने बताया कि उन्होंने महिलाओं को उद्यम लगाने के लिए किस प्रकार प्रेरित किया और 40 गांवों में समूह बनाए गए। प्रधानमंत्री ने उन्हें बताया कि वह स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं में से लगभग 2 करोड़ दीदियों को लखपति बनाना चाहते हैं।

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30pm., सायं 7.00 to 8.30pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराणा प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
9406004581
7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
कमर पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनो पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर
बैठकर उठने पर दर्द, एड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

हादसा: 30 यात्रियों को लेकर कवर्धा से बिलासपुर जा रही थी बस

# बस ने हाईवा को मारी ठोकर, बस सवार चार यात्री घायल, मची अफरा-तफरी

**यात्री बसों से लेकर माल वाहक वाहनो तक में ठूंस-ठूंस सवारी भरकर जिले की सड़कों में फर्राटे भरने वाले वाहन चालकों के खिलाफ परिवहन विभाग नहीं कर रहा है कोई कार्यवाही**



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के पोंड़ी-बिलासपुर में मार्ग में एक बार फिर यात्री बस चालक की लापरवाही सामने आई है। जानकारी के मुताबिक पोंड़ी-बिलासपुर मार्ग में पोड़ी पुलिस चौकी क्षेत्रांतर्गत ग्राम उसलापुर चौराहा के पास एक यात्री बस चालक ने लापरवाही पूर्व वाहन चलाते हुए हाईवा वाहन को ठोकर मार दी। इस दुर्घटना में बस सवार चार यात्री घायल बताए जा रहे हैं जिनमें दो गंभीर है। चारों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अभी तक मामले में पुलिसिया कार्यवाही की जानकारी नहीं मिल पाई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को कवर्धा से सवारी भरकर बिलासपुर की ओर निकली यात्री बस के चालक ने तेज रफ्तार तथा काफी लापरवाही पूर्व वाहन चलाते हुए पोड़ी पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम उसलापुर चौराहा के पास सड़क निर्माण में लगे एक हाईवा वाहन को ठोकर मार दी। बताया जाता है कि तेज रफ्तार बस और हाईवा के बीच हुई टक्कर इतनी जबरदस्त थी की बस के आगे लगा कांच टूट गया और बस में सवार कुल 30 यात्रियों में चार यात्री घायल हो गए। घटना के बाद तत्काल डॉयल 112 को सूचना दी गई और घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। बस सवार और प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक घटना बस चालक की लापरवाही व तेज गति के कारण हुई है।

### बसों में ठूंस-ठूंस के भरे जा रहे यात्री

उल्लेखनीय है कि इन दिनो शीतकालीन अवकाश चल रहा है और ऐसे में यात्री बसों में यात्रियों की अच्छी खासी भीड़ देखने को मिल रही है। आलम ये है कि बस संचालक क्षमता से अधिक सवारी भरकर काफी असुरक्षित ढंग से जिले की सड़कों में फर्राटे भर रहे हैं। यही वजह है कि इस तरह की दुर्घटनाएं सामने आ रही है।

### परिवहन विभाग नहीं कर रहा जांच

जिले का परिवहन विभाग इन दिनो फिर अपनी जिम्मेदारी से कन्नी काटते दिख रहा है। सड़क में क्षमता से अधिक यात्री बसों सहित माल वाहक वाहनो में सवारी भरकर फर्राटे भरने वाले वाहनो की न तो जांच हो रही है और न ही काई कार्यवाही की जा रही है। जिसके चलते वाहन चालकों द्वारा भी जमकर लापरवाही बरती जा रही है। जबकि परिवहन विभाग को नियमित रूप से इस लापरवाही पर नजर रखनी चाहिए।

### पहले भी हो चुके हैं कई हादसे

यहां बताना लाजमी होगा कि बस चालकों की जिले में यह कोई पहला मामला नहीं है। इससे पूर्व भी यात्री बसों के दुर्घटनाग्रस्त होने के कई मामले सामने आ चुके हैं। लेकिन बावजूद इसके लापरवाही पर लगाम नहीं लग पा रही है। इसी प्रकार जिले में माल वाहक वाहनो में सवारी ढोने का धंधा भी जमकर चल रहा है। अभी कुछ दिन पूर्व ही पंडरिया-बजाग मार्ग में मजदूरों से भरी एक छोटा हांथी वाहन खाई में गिर गया था जिसमें कई लोग घायल हुए थे और एक बुजुर्ग की मौत हो गई थी।



# मोटर सायकिल सवार पिता-पुत्र सड़क दुर्घटना का शिकार, पिता की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ चिल्फीघाटी

जिले के चिल्फी थाना क्षेत्रांतर्गत बुधवार की दोपहर मोटर सायकल सवार पिता और पुत्र सड़क दुर्घटना का शिकार हो गए। जिसमें पिता की मौके पर ही मौत हो गई जबकि वाहन चालक पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि मोटर सायकल सवार स्वयं गिरे हैं या फिर किसी वाहन ने उन्हे ठोकर मारी है। पुलिस मृतक का शव बरामद कर आगे की कार्यवाही कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मध्यप्रदेश के मोतीनाला निवासी ग्राम खम्हरिया निवासी जितेन्द्र कुमार सैयाम पिता बाबूराम सैयाम आयु 22 वर्ष अपने पिता बाबूराम सैयाम पिता देवसिंह सैयाम आयु 65 वर्ष के साथ मोटर सायकल क्रमांक सीजी 09 जेपी 1496 में सवार होकर चिल्फी की तरफ से वापस अपने गांव मोतीनाला की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान घाटी में सड़क दुर्घटना का शिकार हो गए।

जिसमें बाबूराम सैयाम की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई वहीं जितेन्द्र गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची चिल्फी पुलिस ने मृतक का शव बरामद कर घायल युवक को अस्पताल पहुंचा दिया है वहीं अब इस बात का पता लगाया जा रहा है कि अखिर मोटर सायकल सवार ग्रामीण सड़क दुर्घटना का शिकार कैसे हुए।

## खबर संक्षेप

### ग्राम बाझीमौहा में क्रिकेट प्रतियोगिता प्रारंभ

**कवर्धा।** जिला मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत जेवड़न खुर्द के आश्रित ग्राम बाझीमौहा में टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजन की तैयारी जोरों पर किया जा रहा है, जो 26 दिसंबर से प्रारंभ हो चुका है। प्रथम पुरस्कार 50001 रुपए व ट्राफी, दूसरा पुरस्कार 25001 रुपए और ट्रॉफी, तीसरा पुरस्कार सेमीफाइनल हारी टीम 1501 रुपए से पुरस्कृत किया जाएगा। इसी प्रकार विजेता और उपविजता टीम के साथ टूर्नामेंट के बेस्ट बैटर 1501 रुपए, बेस्ट गेदबाज 1501 रुपए और बेस्ट प्लेयर दी टूर्नामेंट 2100 रुपए से पुरस्कृत किया जाएगा।

### सात दिवसीय रासेयो शिविर का आयोजन

**कवर्धा।** जिले के विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम किशुनगढ़ में संचालित शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय के एनएसएस (राष्ट्रीय सेवा योजना) टीम द्वारा गांव में सात दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रासेया के छात्रों ने बढ़चढ़कर किस्सा लिया। बीते मंगलवार को शिविर के चतुर्थ दिवस पर योग व व्यायाम किया। गांव के विभिन्न वार्ड व सरकारी जगह में साफ-सफाई की। इस मौके पर राजीव युवा क्लब पेंड्रीखुर्द के अरविंद कश्यप द्वारा क्लब व उनके कार्य के बारे में बताया। कार्यक्रम अधिकारी राजेश पांडेय ने राष्ट्रीय सेवा योजना के सिद्धान्तों, प्रतीक चिन्ह समेत अन्य जानकारी दी।

# जिले में धड़ल्ले से की जा रही है बिजली चोरी

## विभाग देखकर भी कर रहा है अनदेखी



- जिले के कई ग्रामों में खुलेआम हो रही बिजली चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिला मुख्यालय कवर्धा के आसपास के ग्रामों से लेकर प्रायः सभी गांवों में हुकिंग के जरिए जान जोखिम में डालकर चोरी की बिजली का उपयोग करने वालों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। विद्युत विभाग और उसका मैदानी अमला इस गंभीर समस्या को लेकर पूरी तरह लापरवाह दिखाई दे रहा है।

इससे शासन को भारी क्षति का सामना करना पड़ रहा है। मजेदार बात यह है कि जिले में यह स्थिति तब है जब प्रदेश सरकार विद्युत उपभोक्ताओं के लिए बिजली बिल हॉफ योजना चला रही है बावजूद इसके चोरी की बिजली का धड़ल्ले से उपयोग किया जा रहा है। वैसे तो चोरी की बिजली का खेल समूचे जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रो में देखा जा सकता है लेकिन हद तब हो जाती है कि जब मुख्य मार्ग के किनारे बसे ग्रामो से होकर गुजरने वाली हाई वोल्टेज विद्युत केवल में ग्रामीणों द्वारा बिजली की चोरी करने के लिए हुकिंग नजर आते हैं। ऐसी स्थिति जिले के ग्राम पोंड़ी से लेकर पंडरिया तथा लोरमी मार्ग में स्थित जिले के अंतिम ग्राम तक साफ देखी जा सकती है।

जबकि इन मार्गो में कई विद्युत सब स्टेशन के साथ ही विद्युत विभाग के दफ्तर भी संचालित है और मैदानी अमला भी तैनात किया गया लेकिन ऐसा लगता है कि इस पूरे क्षेत्र में बिजली चोरी का यह गोरख धंधा विभाग की मिलीभगत से चल रहा है। संभवतः यही वजह है कि बिजली चोरी रोकने विभाग की ओर से कोई कार्यवाही नहीं की जाती है।

### हुकिंग से सामने आ रहे फाल्ट

लोगों द्वारा बिजली चोरी के लिए आसपास से गुजरने वाले हाई वारेल्टेज विद्युत तार में हुकिंग किए जाने से जहां शासन को राजस्व की हानि हो रही है वहीं लाईन फाल्ट भी बढ़ रहे हैं। इसके अलावा शार्ट सर्किट जैसी घटनाएं सामने आ रही है और लोगों को इसकी बड़ी कीमत भी चुकानी पड़ रही है। अभी मंगलवार को ही पंडरिया क्षेत्र में सार्ट सर्किट के कारण करीब 90 एकड़ में लगी गन्ना की फसल में आग लग गई थी।

### ओपन परीक्षाः आवेदन के लिए पोर्टल शुरू

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल द्वारा आयोजित हाई व हायर सेकेंडरी स्कूल परीक्षा के लिए सत्र 2023-24 से पोर्टल प्रारंभ किया जा रहा है। इस पोर्टल के माध्यम से छात्र-छात्राएं पांच चरणों में आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण करेंगे। छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल ने छात्र-छात्राओं को स्वयं आवेदन भरने की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए स्टूडेंट्स कॉर्नर तैयार किया है।

# रामजन्म भूमि अयोध्या में जिले के ओम कुमार साहू को मिला अयोध्या कला रत्न सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

अयोध्या कला संस्कृति महाकुम्भ की ओर से अयोध्या में 20 से 24 दिसम्बर तक स्वदेश संस्था वनन भारत सागर कला भवन द्वारा मूर्तिकला, चित्रकला, रंगोली आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश से कबीरधाम जिला के मूर्तिकार ओमकुमार साहू ने छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए अयोध्या मे बन रहे श्री राम मंदिर के लिए भगवान राम और हनुमान जी की मूर्ति बनाकर अपनी शानदार प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। इतना ही नहीं श्री साहू ने 2 से 3 दिनों तक मुक़बधिर कलाकार बालक बालिकाओं को मूर्ति बनाने का प्रशिक्षण भी दिया। उनके इस सराहनी योगदान और उनकी शानदारी प्रतिभा के लिए अयोध्या कला संस्कृति महाकुम्भ संस्थान के अध्यक्ष एसबी सागर, वरिष्ठ चित्रकार डॉ श्यामा बिहारी, आयोजन के विशिष्ट अतिथि एसआई रंजीत यादव एवं राकेश गोस्वामी ने अयोध्या कला रत्न से ओम कुमार साहू को सम्मानित कर छत्तीसगढ़ के इस नवोदित कलाकार को प्रोत्साहित किया है। उल्लेखनीय है कि ओम कुमार साहू जिले के सहसपुर लोहारा ब्लॉक के ग्राम बामी के एक छोटे किसान परिवार से आते है। जो 12वी तक पढ़ाई करने के बाद अब मूर्ति तथा चित्रकारी कर आसपास के विभिन्न मंदिरों, दुर्गा पंडालों, गणेश पंडालों की शोभा बढ़ाने का काम कर रहे हैं। वे अपने आपको सौभाग्यशाली मानते हैं कि उन्हें अपनी इस कला की बदौलत श्रीराम मंदिर निर्माण कार्य में अपनी सहभागिता निभाने व सेवा अवसर प्राप्त हुआ है।



### पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने किया अस्पताल का निरीक्षरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया

पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने गत दिनो नगर स्थित शासकीय अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने अस्पताल में मरीजों व उनके परिजनों की सुविधा तथा स्वच्छता एवं स्वास्थ्य उपकरणों सहित दवाइयों की उपलब्धता का जायजा लिया। साथ ही कमियों को दूर करने के लिए अस्पताल प्रबंधन के वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होने कोरोना संक्रमण के दौरान अस्पताल में बनाए गए कोविड वार्ड का भी निरीक्षण किया। विधायक भावना बोहरा ने अस्पताल में उपचार हेतु आए मरीजों से भेंट कर उनका कुशलक्षेम जाना तथा अस्पताल के सभी स्वास्थ्यकर्मियों एवं चिकित्सकों से भी चर्चा कर उनके द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों के लिए बधाई देते हुए प्रोत्साहित किया।

**निरीक्षण...**



केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के स्टॉल का किया अवलोकन

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुए संयुक्त सचिव तिवारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भारत शासन के संयुक्त सचिव मयंक तिवारी ने बुधवार को कबीरधाम जिले में चल रहे रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुए और सहसपुर लोहारा के ओड़ियाकला में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का अवलोकन किया। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा संचालित जन एवं लोक कल्याणकारी योजनाओं के स्टॉल का अवलोकन भी किया। उन्होंने 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने का संकल्प भी दिलाया। इसके बाद श्री तिवारी ने कृषि विभाग द्वारा केंद्र के योजनाओ की मदद से किसानों के लिए उपलब्ध होंने वाले ड्रोन का आवलोकन किया। कलेक्टर जनमेजय महोबे के साथ भारत सरकार के संयुक्त सचिव श्री तिवारी ओड़ियाकला के किसान राजाराम निषाद के खेत पहुँचे, वहां ड्रोन से उनके खेत मे लगे गेंहू की फसल में दवाई का छिड़काव कार्य का अवलोकन किया। विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर ओड़यिाकला का संयुक्त सचिव श्री तिवारी, कलेक्टर जनमेजय महोबे, जिला पंचायत सीईओ एवं विकसित भारत संकल्प यात्रा के जिला नोडल अधिकारी संदीप कुमार अग्रवाल द्वारा दीप प्रज्जवलित कर विधिवत शुभारंभ किया गया। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आईईसी वैन के स्क्रीन के माध्यम से ऑनलाईन जुड़े। उन्होंनें केन्द्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं और विकसित भारत संकल्प यात्रा की रूप रेखा, इस यात्रा से लोगों को मिलने वाले लाभों के बारे में विस्तार से बताया। संयुक्त सचिव श्री तिवारी ने कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ के साथ स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल, स्वास्थ्य परीक्षण, आयुष्मान भारत कार्ड निर्माण स्टॉल, दवाई वितरण स्टॉल, उज्जवला योजना स्टॉल, पशुधन, मतस्य, उद्यानिकी, कृषि, राजस्व, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास विभागों के स्टॉल का अवलोकन किया और केन्द्रीय योजनाओं के क्रियान्वयन, भौतिक लक्ष्यों को पूरा करने के लिए विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयासों की विस्तार से जानकारी ली।

# आदिवासी हल्बा समाज ने धूमधाम से मनाया शक्ति दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

अखिल भारतीय आदिवासी हल्बा समाज कबीरधाम कर्मचारी प्रकोष्ठ के द्वारा गत 26 दिसम्बर मंगलवार को रामचुवा (सरोधा) में शक्तिदिवस के रूप में मनाया गया।

इस अवसर पर कबीरधाम जिले के आदिवासी हल्बा समाज के सभी अधिकारी-कर्मचारी अपने परिवार के साथ उपस्थित होकर शक्ति दिवस मनाया। समाज के संरक्षक डॉ. आईएस ठाकुर, डॉ. आरके भुआर्य, डॉक्टर एस. चुरेन्द्र के द्वारा समाज के कुल देवी मां दन्तेश्वरी की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का आरंभ किया गया। साथ ही हल्बा समाज के वीर शहीद गैंद सिंह नायक के बलिदान को याद करते हुये उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया। साथ ही समाज के वरिष्ठ महिला शक्ति के द्वारा समाज के प्रतीक ध्वज का ध्वजारोहण किया गया। ततपश्चात समाज के संरक्षक डॉक्टर आईएस ठाकुर के द्वारा समाज की एकजुटता व समाज के लिए दिए जाने वाले योगदान, संस्कृति व समाज की परम्परा को बनाए रखने पर विचार रखते हुए शिक्षा संगठन व एकता पर प्रकाश डाला गया।



वर्तमान में पूरे कबीरधाम जिला में हल्बा समाज के लगभग सौ से अधिक अधिकारी-कर्मचारी व उनके परिवार निवासरत है। इस अवसर पर अखिल भारतीय हल्बा समाज कबीरधाम के अध्यक्ष बसंत ठाकुर, सुरेंद्र मानकर, ज्योति राम खरे, आर मसिया, चम्पा लाल ढाले, छबिलाल कोसमे, नरेंद्र राणा, आनन्द भुआर्य, श्रीमती चैती राणा, श्रीमती अहिल्या ठाकुर, सकत भुआर्य, कीर्तन नायक, तारम, दिनेश ठाकुर ज्ञानिक राम ठाकुर के साथ-साथ बड़ी संख्या में समाजिक महिलाएं और बच्चे उपस्थित थे।